NEWS WING
The Bilingual Newspaper/Portal from Ranchi (Jharkhand)

# हाइवा में गिट्टी के बीच शराब लोड कर बिहार में सप्लाइ करने का भंडाफोड़, क्रशर फैक्ट्री में छापा

06/07/2021



**Giridih:** गिरिडीह की निमियाघाट थाना पुलिस ने बिहार के दो जिलों की पुलिस के सहयोग से नकली शराब बनाने वाले एक सिडिकेंट का उद्भेदन मंगलवार को किया. इस सिडिकेंट के खुलासे में भी जिले के एक बड़े शराब कारोबारी ने महत्पूर्ण भूमिका निभायी. तीन थानों की पुलिस ने गिट्टी लोड हाइवा में छिपाकर नकली शराब का अवैध कारोबार करने वाले गिरोह का खुलासा किया.
पूरा सिडिकेंट निमियाघाट थाना क्षेत्र के प्रतापपुर स्थित क्रेशर फैक्ट्री सांई बाबा क्रैशर फैक्ट्री से संचालित होता रहा था. दरअसल, इसी क्रैशर फैक्ट्री से हर रोज निकलने वाले गिट्टी लोड हाइवा में नकली शराब और स्प्रिट के गैलन भरे जाते थे और बिहार के अलग-अलग जिलों में डिमांड के अनुसार सप्लाइ भी किये जाते थे.

अवैध कारोबारी हाइवा में पहले कुछ मात्रा में गिट्टी लोड करते. इसके बाद स्प्रिट और नकली शराब का गैलन लोड होता था. उसके बाद फिर गिट्टी लोड किया जाता था.

Source: https://newswing.com/disclosure-of-supply-in-bihar-by-loading-liquor-on-the-pretext-of-ballast-in-haiva-raid-in-crusher-factory/270066/